## सार-समाचार

### वर्षीतप अभिनंदन समारोह में 19 तपस्वियों का अभिनंदन

**बीकानेर।** जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, गंगाशहर के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय वर्षीतप अभिनंदन समारोह का तीसरा दिन आध्यात्मिक ऊर्जा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। मुनिअमृत कुमार के पावन सान्निध्य में बोथरा भवन, गंगाशहर में आयोजित इस कार्यक्रम में तपस्वियों की महिमा का गुणगान किया गया और उनके आत्मबल की सराहना की गई। तप: आत्मा की शुद्धि और स्वास्थ्य का आधार मुख्य प्रवचन में मुनि अमृत कुमार जी ने वर्षीतप के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह के दौरान तेरापंथी सभा द्वारा 19 तपस्वियों का विशेष सम्मान किया गया। सम्मानित होने वाले तपस्वियों में जेठमल डाकलिया, सुधा भूरा, सुनीता भंसाली, संजू लालाणी, प्रवीणा बोथरा, सुनीता डोसी, अंजय लता भूरा, प्रेम बोथरा, किरण देवी लालाणी, हिमांशी बोथरा, मधु देवी बोथरा, चंदा देवी नाहर, गुलाब देवी भंसाली, जतन लाल दुगड़, सरोज दुगड़, लीला देवी मिन्नी, विमला देवी छाजेड़ , शशि देवी सेठिया, रतन देवी सेठिया और विमला देवी भंसाली शामिल रहीं। तपस्वी जनों के परिवारों की ओर से भी तपस्या के उपलक्ष्य में भजन, गीत, मुक्तकों, एवं वक्तव्यों से तपस्या की अनुमोदना की। रवि डाकलिया व आराध्या गोलछा ने मंगलाचरण गीत प्रस्तुत किया। तेरापंथी सभा की ओर से अध्यक्ष नवरतन बोथरा,पूर्व अध्यक्ष अमर चन्द सोनी,जैन लूणकरण छाजेड़, मंत्री जतनलाल संचेती, उपाध्यक्ष पवन छाजेड़, मंत्री जतनलाल संचेती , संगठन मंत्री कमल भंसाली, सह मंत्री शान्ति लाल पुगलिया, टीपीएफ से जयचंद लाल मालू, नारायण चोपड़ा, हनुमान सेठिया, मनोहर लाल नाहटा, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती प्रेम बोथरा,पूर्व अध्यक्ष मंजू आंचलिया, संतोष बोथरा, बिन्दु छाजेड़, कनक गौलछा, रुचि छाजेड़ आदि कार्यकर्ताओं ने तपस्वी जनों के अभिनन्दन साहित्य, मोमेंटो, एवं पताका पहनाकर किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अनुमोदना तपस्वियों के परिवारों ने भजनों, गीतों और मुक्तकों के माध्यम से तपस्या की भावपूर्ण अनुमोदना की।

### ट्रॉली से भिड़ंत के बाद केबिन में फंसा ट्रक ड्राइवर

**श्रीगंगानगर ।** यहां आटे से भरा ट्रक ओवरटेक की कोशिश में ट्रेक्टर-ट्रॉली से आमने-सामने टकरा गया। ट्रेक्टर ड्राइवर ने बचने के लिए स्टेयरिंग घुमा दिया, इससे उसकी जान बच गई, हालांकि ट्रॉली में लगे लोहे के एंगल से ट्रक का केबिन बुरी तरह डैमेज हो गया और ड्राइवर अंदर फंस गया। हादसा लालगढ़ जाटान छावनी के गेट नंबर 3 के पास श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ स्टेट हाईवे पर हुआ। लालगढ़ जाटान पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार- हादसे के बाद स्टेट हाईवे पर जाम लग गया। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने क्रेन के जरिए केबिन को कटवाया तब घायल ड्राइवर को निकाला जा सका। ड्राइवर का पैर फ्रैक्चर हो गया। ट्रेक्टर-ट्रॉली में सरसों भरी हुई थी। ट्रेक्टर लालगढ़ जाटान से श्रीगंगानगर की तरफ जा रहा था। जबकि ट्रक श्रीगंगानगर की तरफ से आटे के कट्टे लेकर आ रहा था। ट्रक ने एक वाहन को ओवरटेक किया। इस दौरान सामने से आते ट्रेक्टर से उसकी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक पूरी तरह से ट्रॉली पर चढ़ गया। इससे ट्रक में सवार ड्राइवर केबिन में फंस गया। हादसे के बाद सड़क पर जाम लग गया। आस-पास के लोगों ने लालगढ़ जाटान थाना पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर सेना पुलिस भी पहुंची। क्रेन की मदद से ड्राइवर को निकालकर 108 एम्बुलेंस से श्रीगंगानगर के सरकारी हॉस्पिटल भेजा। पुलिस ने जाम हटवाया। आर्मी इंटेलिजेंस और सेना के अधिकारी भी हादसे की जगह पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### चाइनीज़ मांझा के दुष्प्रभाव एवं माँझे से बचाव के सन्देश

**बीकानेर ।** मरुधरा तरु गिफ्ट फाउंडेशन बीकानेर द्वारा चलाये जा रहे तीन दिवसीय 'चाइनीज़ मांझा त्यागो ' अभियान के तहत आज तीसरे दिन चाइनीज़ मांझा के दुष्प्रभाव एंव माँझे से बचाव के सन्देश देने वाले विभिन्न प्रकार के पोस्टर एंव बैनर से सुसज्जित टैक्सी को संस्था के महासचिव मनोज शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । संस्था के संस्थापक डॉ जगदीश वैष्णव ने बताया कि पोस्टर और बैनर प्रदर्शनी से सुसज्जि इस जागरूकता टैक्सी को चाइनीज मांझे के घातक दुष्प्रभावों और उनसे बचाव के संदेश देने वाले विभिन्न आकर्षक पोस्टरों और बैनरों से सुसज्जित किया गया था।टैक्सी के माध्यम से पूरे शहर में रिकॉर्डेड संदेश बजाए गए, जिसमें नागरिकों से जानलेवा चाइनीज मांझे का उपयोग न करने और सुरक्षित पतंगबाजी अपनाने की अपील की गई।यह टैक्सी शहर के मुख्य मार्गों सहित उन सघन पतंगबाजी वाले क्षेत्रों से गुजरी जहाँ मांझे से दुर्घटनाओं की संभावना अधिक रहती है।संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि इस तीन दिवसीय अभियान का मुख्य लक्ष्य आमजन को यह समझाना था कि मनोरंजन के लिए इस्तेमाल होने वाला चाइनीज मांझा इंसानों, मूक पक्षियों और पर्यावरण के लिए कितना बड़ा खतरा है। जागरूकता टैक्सी के माध्यम से शहर के कोने-कोने तक इस संदेश को पहुँचाने का प्रयास किया गया है ताकि भविष्य में ऐसी घातक डोर से होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लग सके।आज के इस कार्यक्रम में फाउंडेशन के सदस्य अनिल पांडे, महेश शुक्ला, महेश पांडे, अनुराग, सुरेंद्र सिंह, सतीश पांडे एंव अन्य सदस्य उपस्थित थे ।

### वर्षी तप का वरघोड़ा आज

**बीकानेर ।** सकल संघ के सहयोग से जिनेश्वर युवक परिषद के तत्वावधान में पार्श्व चंद गछ की वयोवृद्ध साध्वी पदम प्रभा और सुब्रता के सान्निध्य में सोमवार को 6 श्राविकाओं और हु एक श्रावक का वरघोड़ा निकलेगा तथा वर्षी तप का पारणा होगा।श्री जिनेश्वर युवक परिषद के अध्यक्ष संदीप मुशर्रफ़ ने बताया कि सभी तपस्वियों का वरघोड़ा सोमवार सुबह नौ बजे नाहटा चौक के भगवान आदिनाथ मंदिर से रवाना होकर विभिन्न जैन बहुल्य मोहल्लों से होते हुए आसानियां चौक के सूरज भवन पहुंचेगा, जहां गने के रस से तपस्वियों का पारणा जैन परंपरा के अनुसार भक्ति गीतों के साथ करवाए जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्षी तप करने वाले तपस्वियों का अभिनंदन जिनेश्वर युवक है और तपस्वियों के परिजनो की और से किया जाएगा। तपस्वियों में वरिष्ठ श्राविका कमला देवी कोचर, चम्पा देवी कोचर, मंजु सेठी, मनीषा देवी गुलगुलिया, अंजु देवी सिपानी, किरणदेवी कोचर और ललित सिपानी शामिल हैं। इनमें कई श्राविकाएं अनेक वर्षों से तपस्या कर रही हैं।

### सारुण्डा में अज्ञात वाहन की टक्कर से हिरण घायल

**कक्कू ।** सारुण्डा गांव स्थित लोलाई भोमिया जी मंदिर के पास रविवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से एक हिरण गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद राहगीरों की सतर्कता से घायल हिरण की जान बचाई जा सकी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे हिरण को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद चालक मौके से फरार हो गया। उसी दौरान वहां से गुजर रहे जेठाराम सारण और सुरेश सेवग ने तुरंत घायल हिरण को सड़क से हटाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और उसकी देखभाल शुरू की। घटना की सूचना वन्यजीव प्रेमी बजरंग चिताणा को दी गई। सूचना मिलते ही वे अपने साथियों पन्ना राम नायक और मनोज कुमार के साथ मौके पर पहुंचे और घायल हिरण को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। पन्ना राम नायक ने अपने निजी वाहन से घायल हिरण को नोखा पहुंचाया,जिससे समय पर उपचार संभव हो सका। प्राथमिक उपचार के बाद हिरण को नोखा स्थित वन विभाग की टीम को सौंप दिया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों के कारण वन्यजीवों से जुड़ी ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर गति नियंत्रण के प्रभावी उपाय किए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

### संडे ऑन साइकिल' रैली में साइकिलींग के प्रति किया जागरूक

**बीकानेर, ।** भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन के जिला परिषद एवं जिला खेल अधिकारी कार्यालय के तत्वावधान में रविवार को बीकानेर में 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का 22वां संस्करण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा साइक्लिंग के प्रति जागरूक करना रहा।

# बीकानेर स्थापना दिवस पर शहीदों को नमन

■ **अमरचंद बांठिया और बीरबल राम जीनगर की मूर्तियों की स्थापना कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।**

**बीकानेर ।** नगर स्थापना दिवस पर मेडिकल कॉलेज चौराहा स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति मंदिर में आज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता संग्राम के महान वीरों शहीद अमरचंद बांठिया और बीरबल राम जीनगर की मूर्तियों की स्थापना कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमप्रकाश सोनगरा ने की और मुख्य अतिथि वेटरनरी कॉलेज के सेवानिवृत्त डीन डॉ. जे.एस. मेहता थे। इस अवसर पर बीकानेर के वरिष्ठ समाजसेवी तथा डूंगर कॉलेज के सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं 'अमरचंद बांठिया स्मृति उपन्यास' के लेखक धर्मचंद जैन का सुमतीलाल बांठिया, संतोष बांठिया एवं दिलीप बांठिया द्वारा बीकानेरी साफा, शॉल, श्रीफल और माल्यार्पण से स्वागत किया गया। इस अवसर पर वंदे मातरम टीम के विजय कोचर के प्रयासों की सराहना करते हुए संतोष बांठिया ने उनका भी माल्यार्पण कर सम्मान किया। कार्यक्रम में शहीदों के योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। मंदिर समिति के अध्यक्ष ओम सोनगरा ने बताया कि शहीद अमरचंद बांठिया (1793-1858) राजस्थान के बीकानेर में जन्मे एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्हें 'राजस्थान का मंगल पांडे' और '1857 की क्रांति का भामाशाह' कहा जाता है। उन्होंने ग्वालियर के राजकोष के प्रभारी रहते हुए तांतया टोपे और रानी लक्ष्मीबाई को आर्थिक सहायता देकर अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष में जबरदस्त बिगुल बजा दिया। इस साहसी कार्य का बहुत बड़ा मूल्य चुकाना पड़ा – 22 जून 1858 को अंग्रेजों ने ग्वालियर में एक नीम के पेड़ पर उन्हें फाँसी दे दी, और उनके परिवार के सदस्यों को तोप से उड़ा दिया गया।वहीं, बीरबल राम जीनगर को एक साहसी, निडर प्रजा परिषद के सक्रिय नेता के रूप में याद किया जाता है। उन्होंने सामंती शोषण के खिलाफ आवाज उठाई। रायसिंहनगर में जन्मे बीरबल राम जीनगर स्वतंत्रता आंदोलन और सामाजिक आंदोलन में निरंतर सक्रिय रहे।

## एनएच-11 पर युवक से मारपीट

**नापासर,** थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-11 पर स्थित होटल इलेवन हाईवे के पास मारपीट और जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसएस) की धारा 309(4) के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एफआईआर के अनुसार, यह घटना 12 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 12 बजे की है। घटना स्थल एनएच-11, होटल इलेवन हाईवे के पास, बीकानेर बताया गया है। परिवादी कन्हैयालाल पुत्र भंवरलाल (निवासी जोधासर, श्रीडूंगरगढ़, हाल गंगाशहर, बीकानेर) ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि जब वह अपने काम से जा रहा था, तभी आरोपियों ने उसे रोक लिया। परिवादी के अनुसार, आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की नीयत से हमला किया। इसके बाद, आरोपियों ने उसे जबरन गाड़ी में बैठाकर धमकाया और प्रताडित किया। इस मामले में राजेश बिश्नोई, निवासी आरएमके हाउस कॉलोनी, पुलिस लाइन चौराहा के पास, बीकानेर को नामजद आरोपी बनाया गया है।

## जन अधिकार सेना ने मनाया परशुराम जन्मोत्सव

**नोखा ।** सामाजिक संगठन जन अधिकार सेना ने भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भगवान परशुराम के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर मंगल आरती की। इसके बाद भगवान को प्रसाद का भोग लगाकर भक्तों में वितरित किया गया। संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष कानाराम शर्मा ने बताया- भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार हैं। उन्होंने असत्य पर सत्य की विजय के लिए अवतार लिया था। शर्मा ने ये भी कहा कि भगवान परशुराम भगवान शिव के परम भक्त थे। ये जन्मोत्सव पंडित राधेश्याम शर्मा के सानिध्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष कानाराम शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मालचंद सारस्वत, प्रचार मंत्री महेश पारीक, विप्र सेना नोखा अध्यक्ष हेमंत जोशी।

## मुख्य कार्यकारी अधिकारी पहुंची गांव रायसर

**बीकानेर।** जिला कलेक्टर निशांत जैन के निर्देशानुसार जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलजा पांडे ने रविवार को ग्राम रायसर का दौरा कर प्रस्तावित पर्यटन विकास कार्यों का मौका निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डीपीआर (विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन) के अनुसार चिन्हित स्थलों का अवलोकन किया और कार्यों की गुणवत्ता व समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने सनसेट व्यू प्वाइंट, मॉडल तालाब, सड़क निर्माण, सोलर लाइट, रोड़, हाई मास्क लाइट, सीसीटीवी कैमरा, शौचालय, वाटर स्टेशन तथा बस स्टॉप जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

उन्होंने कहा कि ग्राम रायसर में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने विशेष रूप से स्वच्छता, सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान देने की आवश्यकता जताई। इस अवसर पर विकास अधिकारी, पंचायत समिति बीकानेर को निर्देश दिए गए कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और तय समयसीमा में पूर्ण किए जाएं। साथ ही, स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों से समन्वय बनाकर योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर भी जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान विकास अधिकारी साजिया तबस्सुम सहायक अभियंता मुकेश आहुजा कनिष्ठ तकनीकी सहायक रामनिवास बिश्नोई एवं सम्बंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## डॉ. अंबेडकर के संघर्ष और सामाजिक योगदान पर चर्चा

**सूरतगढ़ ।** भाजपा नगर मंडल ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के महान विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से अंबेडकर भवन में विचार गोष्ठी का रविवार को आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान मुख्य वक्ता शरण पाल मान, मंडल अध्यक्ष गौरव बलाना सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। गोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शरणपाल मान ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष और समाज सुधार के लिए किए गए ऐतिहासिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया और एक समतामूलक समाज की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया। कार्यक्रम में शिक्षा, समानता, सामाजिक न्याय और भारतीय संविधान के महत्व जैसे विषयों पर गहन चर्चा की गई।

# खाद्य मंत्री ने की जनसुनवाई, समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश

■ **जनसुनवाई में पानी, बिजली, सड़क, राजस्व, अतिक्रमण सहित विभिन्न प्रकार की समस्याएं सामने आई। मंत्री गोदारा ने मौके पर ही कई मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए, वहीं कुछ मामलों में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए अधिकारियों को कहा।**

**बीकानेर ।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने शनिवार को सादुलगंज स्थित अपने आवास पर प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जनसुनवाई की। इस दौरान जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं, जिनके समाधान के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जनसुनवाई में पानी, बिजली, सड़क, राजस्व, अतिक्रमण सहित विभिन्न प्रकार की समस्याएं सामने आईं। मंत्री गोदारा ने मौके पर ही कई मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए, वहीं कुछ मामलों में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए अधिकारियों को कहा।

उन्होंने ग्रामीणों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मौके पर ही विधायक निधि से विभिन्न विकास कार्य स्वीकृत किए। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के साथ विधायक निधि का उपयोग भी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर किया जा रहा है।

गोदारा ने कहा कि जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं और प्रशासनिक अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता से समाधान किया जाए।

उन्होंने प्रदेश में पिछले ढाई वर्षों में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि जिले एवं लूणकरणसर विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।इस अवसर पर विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आए प्रतिनिधि मंडलों ने मंत्री श्री गोदारा से मुलाकात कर अपने-अपने क्षेत्रों में किए गए विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया।

## नापासर मुख्य बाजार में ठंडे पानी की प्याऊ शुरू

**नापासर ।** कस्बे के मुख्य बाजार में भीषण गर्मी के बीच ठंडे पानी की प्याऊ का शुभारंभ किया गया है। यह पहल भामाशाह एवं वयोवृद्ध समाजसेवी गंगा बिशन बाहेती ने की है। आखातीज के अवसर पर शुरू हुई यह प्याऊ राहगीरों और आम नागरिकों को राहत प्रदान करेगी। बाजार क्षेत्र में पहले ठंडे पानी की समुचित व्यवस्था नहीं थी, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को गर्मी में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस आवश्यकता को समझते हुए गंगा बिशन बाहेती ने यह कदम उठाया। उन्होंने मुख्य बाजार स्थित पुस्तकालय के नीचे एक उपयुक्त स्थान पर प्याऊ का निर्माण करवाया है। अब यहां से गुजरने वाले लोगों को भीषण गर्मी में आसानी से ठंडा पानी उपलब्ध हो सकेगा। गंगा बिशन बाहेती लंबे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं और जनहित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते आए हैं। उनकी इस पहल से कस्बे में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर नापासर के जागरूक नागरिकों और ग्रामीणों ने उनकी इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया।

# गैर-इरादतन हत्या की एफआईआर की बजाए मर्ग दर्ज की

■ **एसडीएम सिविल न्यायालय में गैर-इरादतन हत्या की एफआईआर दर्ज करने के लिए इस्तगासा पेश कर सकते हैं। दूसरा विकल्प यह है कि वे मर्ग को स्वीकार कर लें। मर्ग स्वीकार करने पर सिर्फ मुआवजा मिलेगा। एफआईआर दर्ज होने पर दोषियों को सजा भी मिल सकती है।**

**बीकानेर ।** देशनोक में चाइनीज मांझे से जान गंवाने वाले मासूम बच्चे के मामले में देशनोक पुलिस ने नरमी बरतते हुए गैर-इरादतन हत्या की बजाए केवल मर्ग दर्ज करके इतिश्री कर ली। अब इस मामले में एसडीएम का रवैया तय करेगा कि आठ साल के मासूम विराट को न्याय मिलेगा या सिर्फ मुआवजा। एसडीएम सिविल न्यायालय में गैर-इरादतन हत्या की एफआईआर दर्ज करने के लिए इस्तगासा पेश कर सकते हैं। दूसरा विकल्प यह है कि वे मर्ग को स्वीकार कर लें। मर्ग स्वीकार करने पर सिर्फ मुआवजा मिलेगा। एफआईआर दर्ज होने पर दोषियों को सजा भी मिल सकती है। शुक्रवार को देशनोक पुल से गुजरते समय 8 साल के विराट की गर्दन चायनीज मांझे ने रेत डाली। विराट अपने पिता किशनलाल के साथ बाइक पर बीकानेर जा रहा था। मां और बड़ी बहन भी साथ थीं। किशनलाल देशनोक में मजदूरी कर परिवार पालता है।

उसकी बहन की शादी होने के कारण मायरे के लिए खरीदारी करनी थी। खुद, पत्नी और बच्चों के लिए भी नए कपड़े लेने थे, लेकिन जानलेवा मांझे के कारण उनकी खुशियां मातम में बदल गई। शनिवार को उदासर गांव में पुत्र का अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुत्र की मौत के गम में डूबे किशनलाल को नहीं पता कि परिवाद में क्या लिखें। यह केस गंभीर धाराओं में दर्ज होता तो जांच होती, अपराधी पकड़ा जाता। इससे मांझा बेचने और उपयोग करने वालों के मन में डर बैठता।

चाइनीज मांझे से देशनोक में मासूम बालक की मौत के बाद जागी पुलिस ने जिले में कई स्थानों पर छापे मारे। इस दौरान तीन लोगों को पकड़कर उनके पास से चायनीज मांझे की 43 चरखियां जब्त की हैं। कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को गफूर बस्ती, लाल गुफा रोड निवासी मोहम्मद अजीज के घर से 29 गेडियां प्रतिबंधित मांझा बरामद किया है। इसी प्रकार फारुख (निवासी राणीसर बास, गंगाशहर) के कब्जे से 10 गेडियां मांझा जब्त कर उसे गिरफ्तार किया। आरोपी मोहता सराय क्षेत्र में मांझा बेचने की फिराक में था। इसी प्रकार श्रीडूंगरगढ़ में भी एक व्यक्ति को पकड़ कर 4 चरखी जब्त की है। कोतवाली एसएचओ सविता डाल का कहना है कि मांझे के अवैध नेटवर्क का खुलासा करने के लिए छानबीन जारी है। अक्षय तृतीया पर बीकानेर में हर साल पतंगें उड़ाई जाती हैं। बड़ी मात्रा में चायनीज मांझे का भी उपयोग होता है। मांझे की चपेट में आने से तीन साल में दो मौतें हो चुकी हैं। हर साल काफी संख्या में लोग जख्मी होते हैं। सैकड़ों पक्षियों की मौत हो जाती है। ऐसे गंभीर मामलों में पुलिस की कार्यवाही अपराधियों पर कमजोर साबित हो रही है। अगर साबित हो जाए कि मौत उसी दुकानदार से खरीदे गए मांझे से हुई, तो आईपीसी / बीएनएस के तहत गैर इरादतन हत्या का केस बनता है। कोर्ट मानता है कि बैन के बावजूद बेचना नॉलेज की श्रेणी में आता है कि इससे मौत हो सकती है।

सुमन शेखावत, एसएचओ, देशनोक ने बताया कि 'पीडित पक्ष यदि बयान देगा तो गैर इरादतन हत्या का केस भी दर्ज कर लिया जाएगा। यह जांच का विषय है। मौके पर हमें चायनीज मांझा नहीं मिला था।'

## सामाजिक समरसता अभियान आज से

**बीकानेर।** सर्व कामगार सेवा संघ की प्रदेश व जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला महामंत्री लक्ष्मण के निवास स्थान पर हुई।बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री आर एस हर्ष ने बताया कि वर्तमान समय में हिन्दू समाज को एकजुट रखना बहुत ही आवश्यक है इस एकता को मजबूत करने के लिए समाज में आज के परिक्षेप में सामाजिक समरसता की नितांत आवश्यकता है संघ द्वारा पूर्व में भी में संघ के प्रदेशाध्यक्ष भंवर पुरोहित के नेतृत्व 'सामाजिक समरसता अभियान' का सफल आयोजन कर चुका है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संघ के प्रदेशाध्यक्ष भंवर पुरोहित जो कि 'सामाजिक समरसता के प्रबल पेरोकार है उन्होंने बताया कि वर्तमान भारत और दुनिया में जो वैश्विक दौर चल रहा है उसमें सनातनी (हिन्दू) को एकजुट करने के लिए'समता मूलक' समाज की अत्यंत आवश्यकता है इसी विचार को प्रतिबद्धता के साथ आचरण में करते हुए हमें ध्यान रखना चाहिए कि महापुरुष किसी जाति धर्म के लिए नहीं होते है धर्म के कार्य के लिए आते है अलख जगाके प्रस्थान कर जाते है। संघ के प्रदेश मंत्री धन्नादास ने बताया कि 20 अप्रैल को अराध्य देव परशुराम भगवान की जयंती के अवसर पर संगठन द्वारा 'सामाजिक समरसता अभियान की शुरुआत प्रदेशाध्यक्ष भंवर पुरोहित के निज निवास स्थान से की जायेगी।बैठक में उपस्थित जगदीश शर्मा,कैलाश सारस्वत आदि मौजुद रहे।

## सार-समाचार

### चूनावढ़ में जर्जर बीएसएनएल टावर बना खतरा

**श्रीगंगानगर ।** जिले के चूनावढ़ कस्बे के वार्ड नंबर 11 में स्थित बीएसएनएल का करीब 180 फीट ऊंचा टावर अब स्थानीय निवासियों के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। बॉर्डर एरिया के सी-ज़ोन में आने वाले इस टावर पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी साफ नजर आ रही है, जिससे किसी भी समय बड़े हादसे की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, टावर पर चेतावनी लाइट तक नहीं लगी है, जबकि क्षेत्र में हवाई आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में रात के समय हवाई दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है। इसके अलावा लंबे समय से टावर परिसर की सफाई नहीं होने के कारण वहां बड़े-बड़े पेड़, कंटीली झाड॰ियां और घास-फूस उग आए हैं, जिससे गंदगी फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। निवासियों का कहना है कि टावर के अंदर उगे पेड़ इसकी एंगल संरचना पर दबाव बना रहे हैं, जिससे टावर टेढ़ा होता जा रहा है और गिरने की स्थिति में पहुंच सकता है। तेज आंधी-तूफान के दौरान यह खतरा और बढ़ जाता है। इसके साथ ही टावर की अर्थिंग पट्टियों के नट भी टूट चुके हैं। हल्की हवा चलने पर ये पट्टियां टावर से टकराकर तेज आवाज करती हैं, जो करीब एक किलोमीटर तक सुनाई देती है। इससे आसपास रहने वाले लोग खासकर रात के समय बेहद परेशान हैं और उनकी नींद तक प्रभावित हो रही है। वार्ड निवासी राजेश काताला, सचिन कुमार, प्रकाश शर्मा, राकेश घणघस और रिशिपाल काताला सहित अन्य मोहल्ला वासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द टावर की मरम्मत, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे।

### आरोपों की डीवाईएसपी कर रहे जांच

**श्रीगंगानगर।** घमूड़वाली पुलिस पर गंभीर आरोपों को लेकर बींझबायला के लोगों ने एसपी ऑफिस के सामने प्रदर्शन किया। लोगों ने एसएचओ तथा कई पुलिस कर्मियों को निलंबित करने की मांग की। एसपी हरी शंकर को चार सूत्री मांग पत्र भी सौंपा। प्रदर्शन करने वालों में वकील सिंह, दुर्गा स्वामी, रविंद्र तरखान, अशोक जाखड़, सरपंच इंद्राज पूनिया, पूर्व सरपंच प्रीतमसिंह गिल, दिनेश जाखड़, अमरसिंह पोटलिया ने एसपी से मुलाकात की। एसपी ने आश्वस्त किया कि टीकूराम से ठगी मामले में सीओ सूरतगढ़ प्रतीक मील जांच कर रहे हैं। दोषी हैड कांस्टेबल महेंद्र कुमार को पहले ही सस्पेंड किया जा चुका है वहीं सीआई पर गंभीर आरोपों की वे खुद जांच करेंगे। जांच के बाद ही कार्रवाई करेंगे। दो दिन में पुलिस थाना घमूड़वाली का निरीक्षण कर पीड॰ित लोगों को भी सुनेंगे। इधर एसएचओ राजेंद्र सिंह चारण ने बताया कि किसान टिकूराम का प्रकरण उनके पदभार संभालने से पहले का है। अन्य आरोपों की उच्चाधिकारियों के आदेश से जांच चल रही है। लगाए जा रहे आरोपों में सच्चाई नहीं है। इन चार मांगों को लेकर किया जा रहा है आंदोलन : . किसान टीकूराम से ठगी मामले में एसएचओ, निलंबित हैड कांस्टेबल महेंद्र कुमार सहित अन्य शामिल लोगों पर एफआईआर हो। . किसान कालूराम से चोरी हुए 45 हजार रुपए बरामदगी के बावजूद वापस नहीं लौटाने के कारण एसएचओ को तत्काल पद से हटाया जाए। सीआई घमूड़वाली के भ्रष्टाचार व मारपीट करने में सहयोगी कांस्टेबल दिनेश काकड़, वेदपाल, 112 ड्राइवर रवि छींपा पर विभागीय कार्रवाई हो। . क्षेत्र में हुई चोरियों के मामलों में तत्काल मुकदमे दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। 40 किमी पैदल चलकर एसपी ऑफिस पहुंचे लोग : इससे पहले घमूड़वाली एसएचओ और पुलिस स्टाफ की कार्यशैली पर गंभीर आरोप लगा नाराज लोग सुबह जिला मुख्यालय पहुंचे। ये लोग बींझबायला से पैदल चले थे। सुबह नेहरू पार्क में इकट्ठा होकर नारेबाजी करते हुए एसपी ऑफिस पहुंचे। यहां डीजीपी का पुतला दहन कर रोष प्रकट किया। सभा को माकपा जिला सचिव वकील सिंह, कामरेड रविंद्र तरखान, अशोक जाखड़, किसान सभा के जिलाध्यक्ष रिशपाल सिंह पन्नू, दुर्गा स्वामी, एसएफआई राज्य महासचिव मुकेश मोहनपुरिया, हरकेवलदीप सिंह आदि ने संबोधित किया।

### 'जल मंदिर' का शुभारंभ

**सूरतगढ़ ।** यहां भीषण गर्मी के बीच यात्रियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से श्री बालाजी लंगर सेवा समिति द्वारा स्थानीय रेलवे स्टेशन पर जल सेवा जल मंदिर का शुभारंभ किया गया। इस सेवा का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना है, ताकि सफर के दौरान उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व पालिका अध्यक्ष काजल छाबड़ा ने शिरकत की। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर जल मंदिर का उद्घाटन किया और यात्रियों को अपने हाथों से ठंडा पानी पिलाकर सेवा कार्य की शुरुआत की। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष ओमप्रकाश मनचंदा, सचिव कमल सेतिया, राजेश बंसल, उपाध्यक्ष राहुल अरोड़ा एवं कोषाध्यक्ष हरीश भटजा सहित अन्य पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि काजल छाबड़ा ने संस्था के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के ऐसे कार्यों के लिए उनका परिवार हमेशा तैयार रहता है और भविष्य में भी हर संभव सहयोग किया जाएगा। यात्रियों को अपने हाथों से ठंडा पानी पिलाकर सेवा कार्य की शुरुआत की। संस्था के संरक्षक इंजीनियर रमेश चंद्र माथुर ने बताया कि समिति द्वारा यह सेवा वर्ष 1995 से लगातार संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व अध्यक्ष रोशन लाल लीला एवं स्वर्गीय बजरंगलाल सोनी के प्रयासों से ट्रॉलियों के माध्यम से ट्रेन के हर कोच में पानी पहुंचाने की व्यवस्था शुरू की गई थी, जो आज भी निरंतर जारी है। संस्था से जुड़े कार्यकर्ता अलग-अलग समय पर स्टेशन पहुंचकर बर्फ का ठंडा पानी यात्रियों को उपलब्ध करवा रहे हैं। इस अवसर पर लेखराज छाबड़ा, जेठालाल, प्रदीप शर्मा, अजय कालड़ा, महेश शर्मा, सुखविंदर सिंह, गणेश ग्रोवर, मोनू अरोड़ा, लालचंद शर्मा, श्यामलाल मोदी एवं सुनील सिंधी सहित अनेक सेवादारों ने सक्रिय रूप से अपनी सेवाएं दीं।

### कवि सम्मेलन मुशायरा 22 को

**बीकानेर ।** हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक, प्रसिद्ध शायर हाफिज गुलाम रसूल शादजामी की 12 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जामी उर्दू अकादमी द्वारा 22 अप्रैल को शाम 8.30 बजे मोहल्ला दमामियान,शीतला गेट में कवि सम्मेलन मुशायरा आयोजित किया जाएगा। संस्था के अलीमुद्दीन जामी ने बताया कि कार्यक्रम में बीकानेर के हिन्दी,उर्दू और राजस्थानी के दो दर्जन से अधिक रचनाकार अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम अध्यक्षता वरिष्ठ शायर जाकिर अदीब करेंगे।कार्यक्रम का संचालन डॉ ज॰िया उल हसन कादरी करेंगे।

### शेखावाटी कबड्डी लीग 2026 का आगाज

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। खेलेगा शेखावाटी, जीतेगा भारत की प्रेरणादायक भावना के साथ रामगढ़ में आयोजित शेखावाटी कबड्डी लीग 2026 का शनिवार रात्रि को भव्य शुभारंभ हुआ। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन रामनारायण रुईया शेखावाटी स्पोर्ट्स अकैडमी, रामगढ़ द्वारा किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्रभर से प्रतिभाशाली खिलाड़ी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। आयोजित उद्घाटन समारोह में खेल प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे वातावरण में उत्साह, जोश और खेल भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला। रंगारंग माहौल के बीच खिलाड़ियों का परिचय, तालियों की गूंज और जोशपूर्ण नारों ने आयोजन को और भी यादगार बना दिया ।कबड्डी लीग प्रतियोगिता 18 एवं 19 अप्रैल 2026 को दिन एवं रात्रि दोनों सत्रों में खेली गई। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं क्षेत्रीय स्तर पर छुपी हुई खेल प्रतिभाओं को पहचान देना और उन्हें एक सशक्त एवं उत्कृष्ट मंच प्रदान करना है, ताकि वे भविष्य में बड़े स्तर पर अपनी पहचान बना सकें।शेखावाटी क्षेत्र में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। युवा खिलाडी जहां अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं, वहीं दर्शकों में भी मुकाबलों को लेकर खास रोमांच बना हुआ है।आयोजकों के अनुसार, इस तरह के आयोजनों से न केवल खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलता है, बल्कि युवाओं को सकारात्मक दिशा भी मिलती है।

### जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की बैठक

**नोहर,** (निसं)। अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा जिला ईकाई हनुमानगढ की बैठक रविवार को नेहरु नगर स्थित समाज की धर्मशाला में जिलाध्यक्ष चम्पालाल सुथार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान समाज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रकोष्ठों में नियुक्तियों की घोषणा की गई। बैठक में संगठन विस्तार को लेकर एडवोकेट रोहिताश जांगिड ने राजनैतिक क्षेत्र में समाज के प्रतिनिधित्व को मजबूत करने के लिए कृषि उपज मण्डी समिति के पूर्व अध्यक्ष बलवीर सुथार को राजनैतिक प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष नियुक्त कर ने का प्रस्ताव रखा वहीं समाज की गोगामेडी धर्मशाला समिति अध्यक्ष भादरराम सुथार ने शिक्षाविद् अनिता सुथार को महासभा की महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष बनाये जाने का प्रस्ताव रखा जिसे सर्व सहमति से स्वीकार कर लिया गया ।